राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 8 फरवरी (वेबवार्ता)। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय,जयपुर के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर 8 फरवरी, शनिवार को मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह में प्रतापराव जाधव, माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, बालमुकुन्दाचार्य महाराज, विधायक हवा महल, वैद्य जयंत देव पुजारी, अध्यक्ष, एनसीआईएसएम, प्रो. संजीव शर्मा जी, कुलपति,एनआईए, प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलपति राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, भवानी सिंह देथा, प्रमुख सचिव (आयुर्वेद), राजस्थान सरकार, डॉ. मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद) आयुष मंत्रालय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह कार्यक्रम में मंत्री महोदय के साथ सभी अतिथियों ने आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के 14 विभागों द्वारा आमजन के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में किए गए नवाचार, शोध कार्यों एवं चिकित्सा सुविधाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष मंत्रालय, भारत सरकार प्रतापराव जाधव ने केंद्रीय औषधि परीक्षण सुविधा, माइक्रो सीटी, बायोमेडिकल लैब एवं आईपीआर सेल, एडवांस फिजियोलॉजी लैब, बाल विकास केंद्र, नशा मुक्ति केंद्र का लोकार्पण किया, एवं 4 पुस्तकों का भी विमोचन किया । माननीय मंत्री ने इस अवसर पर कहा -राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के इस यादगार अवसर पर आप सभी के साथ यहां आकर मुझे बहुत प्रसन्नजता हो रही है। आयुष मंत्रालय, आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और सोवा रिग्पा जैसी प्रणालियों को बढ़ावा दे रहा है। वर्तमान में आधुनिक विज्ञान के मानकों के आधार पर आयुर्वेद के

अनुसंधान पर आयुष मंत्रालय द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के माध्यम से आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और वैश्वीकरण में सराहनीय भूमिका निभा रहा है, आज 150 से भी अधिक देश अपने नागरिकों के कल्याण और स्वास्थ्य के लिए किसी ना किसी रूप में आयुर्वेद दिवस का आयोजन कर रहे हैं तथा इस चिकित्सा प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। 1976 में एक आयुर्वेदिक कॉलेज से यह अब मानद विश्वविद्यालय बन गया है और देश में आयुर्वेद के क्षेत्र में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है। कई देश आयुर्वेद में शिक्षा और प्रशिक्षण दिलाने के लिए इस संस्थान की ओर आकर्षित हो रहे हैं लगभग 17 देशों के 80 से भी अधिक विदेशी छात्र हमारे संस्थान में स्नातक, स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टरल कार्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। यह विश्व स्तर पर संस्थान की उपस्थिति को दर्शाता हैं। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव पदमश्री वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान देश के आयुर्वेदिक शिक्षा के सर्वोच्च संस्थान में से एक है, वर्ष 1976 में आयुर्वेदिक कॉलेज के रूप में शुरू हुआ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान अब बहुत विकसित हो चुका है और देश में आयुष प्रणाली में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त कर चुका है। सबसे पहले मैं इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा जी और उनकी समर्पित टीम को बधाई देता हूँ। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की भूमिका आयुर्वेदिक शिक्षा, अनुसंधान और रोगोपचार व रोगी देखभाल गतिविधियों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है और सर्वांगीण विकास को देखते हुए इसे 2019 में मानद विश्वविद्यालय घोषित हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा इस संस्थान को राष्ट्र को समर्पित किया गया, आज इस संस्थान में डिग्री, डिप्लोमा और एक दर्जन से अधिक लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा 14 विषयों में स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टरेट शिक्षण और अनुसंधान कार्य हो रहा हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर अपनी उत्कृष्टता के गौरवशाली 50वें वर्ष को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाने रहे है। आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में सम्मिलित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर कों एनसीआईएसएम द्वारा प्रथम रैंक से सम्मानित किया गया है। संस्थान ने प्रधान मंत्री जी के आहवान पर पुरे देश में आयोजित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्थान ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी प्राप्त किया है और विश्वस्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संस्थान में अध्ययन और रिसर्च के लिये सिम्युलेशन लैब, फार्मेसी विभाग, एनाटॉमी विभाग, ड्रग लैब, क्रिया शारीर विभाग में स्थापित एडवांस ह्यूमन फिजियोलॉजी लैब है। संस्थान से जुड़े चिकित्सालयों में आमजन के स्वास्थ्य के लिए ओपीडी ओर 280 बेड का अस्पताल, पंचकर्म विभाग, सेंट्रल लैब की सुविधा के साथ 14 विभागों द्वारा आमजन को विभिन्न रोगों में स्वास्थ्य परामर्श और चिकित्सा का लाभ दे रहे है। कार्यक्रम में संस्थान से आयुर्वेद की शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ रहने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए और आमजन के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से एमओयू किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा एनआईए आईपीआर नीति, एनआईए अस्पताल फार्मूलरी विषय पर पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सभी चिकित्सक, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनावो में दिल्ली विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूँ, 8 फरवरी (वेबवार्ता)। दिल्ली विधानसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र चौमूँ के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर परिषद चौमूँ के सामने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में पटाखे जलाकर जश्न मनाया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधान सभा चुनाव-2025 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई और विकसित दिल्ली -विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित

यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों और मोदी की गारंटी को जनता के विश्वास की मुहर है। इस मौक़े पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित कर सबका मुँह मीठा करवाया। इस मौक़े पर पार्षद बाबूलाल सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पार्षद बाबूलाल यादव, पूर्व पार्षद कुंदन सिंह शेखावत, मुकेश सैनी, राजेश चोपड़ा, संदीप कुमावत, धर्मेंद्र बंजारा, कालूराम वर्मा, राजेश चोपड़ा, सीताराम योगी, कमल योगी, चेतन सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

जमीन हड़पने के मामले में चार पर केस

सोहना, 08 फरवरी (वेब वार्ता)। सोहना सदर थाना पुलिस ने सांचौली निवासी महिला की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ जाल साजिश के तहत जमीन बेचने व हड़पने का मामला दर्ज किया है।

Target मोबाईल एसेसरीज लाया स्पीकर वाला चश्मा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

मुंबई , 8 फरवरी (वेबवार्ता)। कॉलिंग और गाने, ये है कीमत और फीचर्स Target ने भारत में सुपर ग्लासेज जैसा प्रोडक्ट लॉन्च किया। इसका नाम स्मार्ट गूगलच है और यह एक Audio Eyewear है। एक सस्ता प्रोडक्ट है। इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी मिलती है। इसकी मदद से यूजर्स आसानी से कॉल रिसीव कर सकते हैं, म्यूजिक सुन सकते हैं और डिजिटल वर्ल्ड से इंटरैक्ट हो सकते हैं। आइए इसकी कीमत जानते हैं। भारत में लॉन्च। Target स्मार्ट गूगलच भारत में लॉन्च। भारत में सुपर Glasses जैसा प्रोडक्ट लॉन्च कर दिया।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सोहना, 08 फरवरी (वेब वार्ता)। शादी से वापस अपने घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। भोंडसी थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर घामडौज में बना फ्लाईओवर के यू टर्न पर बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से मौत हो गई।

फॉर्म - जी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के अधीन (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के तहत] **("सीआईआरपी विनियम")**

फॉर्म जी दिनांक 10 जनवरी 2025 में यह संशोधन जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड **("सीडी")** की ऋणदाताओं की समिति **("सीओसी")** की 4 फरवरी 2025 को हुई बैठक में अनुमोदन के अनुसरण में, नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रकाशित किया गया है।

क्र सं.	प्रासंगिक विवरण	
1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित।	**जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड** पैन : AABCB1562A सीआईएन : L14106UP1995PLC019017
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	सेक्टर 128, नोएडा 201304 (उत्तर प्रदेश)
3.	वेबसाइट का यूआरएल	**http://jalindia.com/index.html**
4.	उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं	सीडी का व्यवसाय विविधतापूर्ण है और इसकी परिसंपत्तियाँ पूरे भारत और कुछ विदेशी स्थानों पर स्थित हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट देखें।
5.	कार्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	सीडी एक विविध व्यवसाय समूह है जिसमें रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग और निर्माण, सीमेंट और आतिथ्य सहित विविध व्यवसाय हित शामिल हैं। कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट देखें।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	सीडी के बारे में विस्तृत जानकारी वाला निवेश टीजर यहां उपलब्ध है: **http://jalindia.com/cirp.html**
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	संभावित समाधान आवेदकों के लिए पात्रता मानदंड (जैसा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (कोड) की धारा 25 (2)(एच) के तहत सीओसी द्वारा अनुमोदित है) सहित सीडी की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और तरीके का विस्तृत विवरण, रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत निमंत्रण में निर्धारित किया गया है। इन विवरणों सहित रुचि की अभिव्यक्ति हेतु विस्तृत आमंत्रण सीडी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा इसे **http://jalindia.com/cirp.html** पर देखा जा सकता है।
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध है:	
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है:	
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	**11 मार्च 2025** – पहले की तिथि 9 फरवरी 2025 थी
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	**21 मार्च 2025** – पहले की तिथि 19 फरवरी 2025 थी
12.	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**26 मार्च 2025** – पहले की तिथि 24 फरवरी 2025 थी
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	**5 अप्रैल 2025** – पहले की तिथि 6 मार्च 2025 थी
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि	**10 अप्रैल 2025** – पहले की तिथि 11 मार्च 2025 थी
15.	समाधान योजनाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**9 जून 2025** – पहले की तिथि 25 अप्रैल 2025 थी
16.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया	**cirpjal@gmail.com**
17.	एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण	लागू नहीं

नोट - 1. यहां बताई गई समयसीमाएं निम्नलिखित के अधीन रहेंगी: (i) संशोधन और विस्तार (सीओसी के अनुमोदन से); और (ii) सीआईआरपी विनियमों के साथ पठित संहिता के तहत सीडी के सीआईआरपी को पूरा करने के लिए समयसीमा में कोई विस्तार/बहिष्कार, जिसमें आईए संख्या 21/2025 (जो वर्तमान में विचाराधीन है) में माननीय एनसीएलटी द्वारा सीडी की सीआईआरपी अवधि से उचित बहिष्करण/विस्तार प्रदान करना शामिल है और साथ ही संहिता की धारा 12(2) के तहत नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा दायर किए जा सकने वाले आवेदन के अनुसरण में सीडी की सीआईआरपी अवधि का विस्तार, जिस विस्तार को सीओसी द्वारा पहले ही अनुमोदित किया जा चुका है। **2.** इस फॉर्म जी को रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण में दिए गए नियमों, शर्तों और अस्वीकरणों के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जिन्हें इस फॉर्म जी का अभिन्न अंग माना जाएगा।

हस्ताक्षर/-
भुवन मदान
IBBI/IPA-001/IP-P01004/2017-2018/11655
पंजीकृत पताः ए-103 अशोक विहार फेज-3 (लक्ष्मी बाई कॉलेज के पीछे), नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110052

(9 फरवरी 2025, नोएडा) जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए

3 विकेट से स्टार टीम पर जीत दर्ज कर फाइनल मैच में जगह बनाई

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

वृंदा क्रिकेट क्लब तत्वधान मे एक 20 ओवर का ट्वेन्टी क्रिकेट मैच खेला गया। निर्धारित शुरवात मैच मे पहले खेलते हुए वृंदा रॉयल निर्धारीत 20 ओवर मे अक्षय गर्ग (56) नितीन गुप्ता (15) रनों का महत्वपूर्ण योगदान से 9 विकेट के नुकसान 126 रन बनाए। रॉयल की तरफ से बेस्ट बॉलर दीपक उनउने ने 4 ओवर में 30 रन देकर महत्पूर्ण 4 विकेट, इमरान ने 2 ओवर 2 विकेट लिए। इसके जवाब में वृंदा स्टार अच्छी आक्रमक पारी शुरवात से अशोक (70), कमर (24) सचिन यादव (10)रनों की महत्पूर्ण पारी एवं स्टार गेंदबाज योगेश ने अपनी फिरकी गेंदबाजी से रॉयल टीम के महत्पूर्ण 2 विकेट से रॉयल टीम को 3 विकेट से परास्त किया।

क्लब मेंबर्स द्वारा स्टार विजेता कप्तान शंभू चौहान ,मैंने ऑफ द मैच और बेस्ट बैट्समैन के लिए प्रदर्शन के लिए अशोक को, बेस्ट बॉलर के लिए

दीपक उनउने सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है स्टार टीम जीत के साथ वार्षिक क्रिकेट श्रृंखला दोनों टीमों ने 11- 11 प्वाइंट से बराबर फाइनल मुकाबला 22 फरवरी को खेला जाएगा। क्रिकेट क्लब द्वारा सभी पधारे हुए अतिथिगण और उपस्थित समस्त खिलाडियों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

जयपुर से दो नाबालिग बहनों का किडनैप

जयपुर, 8 फरवरी (वेबवार्ता)। जयपुर से दो नाबालिग बहनों के किडनैप का मामला सामने आया है। जयपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों नाबालिग बहनें अपनी मां के साथ बैठी थी। पिता को ढूंढ़कर लाने की कहकर निकलने पर रहस्यमयी तरीके से गायब हो गई। जीआरपी थाना पुलिस ने दोनों नाबालिग बच्चियों की तलाश में इश्तहार जारी किया है। एएसआई जगदीश ने बताया- जीआरपी थाना जयपुर पर सरोजनी नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी सबाना (34) ने दो नाबालिग बेटियों की किडनैपिंग का मामला 9 जनवरी को दर्ज करवाया है। उनकी 14 साल की बेटी समरिन उर्फ मन्नन और 6 साल की बेटी अल्फा का किडनैप हुआ है। शिकायत में बताया- वह पिछले काफी समय से पति हासिम व दोनों नाबालिग बेटियों के साथ जयपुर रेलवे स्टेशन पर खानाबदोश जीवन जी रही है। 18 अक्टूबर 2024 को दोनों नाबालिग बेटियां के साथ वह जयपुर रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। काफी देर तक पिता के वापस नहीं लौटने पर मां ढूंढने जाने लगी। नाबालिग बेटियों ने मां को रोककर खुद पिता को ढूंढ़कर लाने की कहा। उसके बाद दोनों नाबालिग बहनें रेलवे स्टेशन से बाहर चली गईं। पिता के लौटकर आने के बाद भी दोनों बच्चियां नहीं लौटी। काफी ढूंढने के बाद भी नाबालिग बेटियों का सुराग नहीं लगा। जीआरपी थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लगे फुटेजों को खंगाला। फुटेज में दोनों बहनें जयपुर रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते दिखाई दे रही हैं। इसके बाद दोनों नाबालिग रहस्यमयी तरीके से गायब हो गईं। जीआरपी पुलिस के काफी ढूंढने के बाद भी बच्चियों का पता नहीं चला। जीआरपी पुलिस को शक है कि दोनों नाबालिग बहनों का रेलवे स्टेशन के बाहर से किडनैप हुआ है। इसके चलते पुलिस की ओर से इश्तहार जारी कर मदद मांगी गई है। समरिन उर्फ मन्नन की उम्र 14 साल है। कद करीब 5 फीट, कलर-गौरा, चेहरा-गोल है। दाहिने हाथ की अगूंठे के पास वाली उंगली का नाखून नहीं है।

सुनील सोगण द्वारा नाटक सुकून का मंचन कर बच्चों को रंगमंच से जोड़ने की पहल

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

मोरीजा, 8 फरवरी (वेबवार्ता)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरीजा में रंगमंच कलाकार गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण ने विद्यालय के विद्यार्थियों को नाट्यकला व रंगमंच की जानकारी दी। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए रंगमंच की शिक्षा देना जरूरी है। सोगण ने खुद के द्वारा लिखित निर्देशित लघु नाटक सुकून का 23वां एकल मंचन किया । नाटक में मानव मन के चित्रण का मंचन किया गया। नाटक में बताया कि एक इंसान सुकून को भूख,लूट, सत्ता, राजनीति,

दादागिरी, सांप्रदायिकता दंगों, धर्म आदि में ढूंढने की कोशिश करता है लेकिन उसे सुकून कहीं नहीं मिलता। नाटक के अंत में बताया कि सुकून तो मानव के भीतर है जिसे इंसानियत, मानवता और भाईचारे में ढूंढा जा सकता है सोगण शिक्षा में रंगमंच व रंगमंच के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं विद्यालय महाविद्यालय व निजी संस्थानों में जाकर सामाजिक मुद्दों पर नाटकों का मंचन करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सोगण को विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश मीणा हाटवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । सभी शिक्षकों ने व विद्यार्थियों ने नाटक की प्रशंसा की। इस अवसर पर व्याख्याता भुवनेश मीणा , जगदीश प्रसाद शर्मा,अर्जुन लाल रैगर,तरुणा यादव, सांवर मल जड़वाल, रवि चौधरी,सांवर मल शेरावत, सुनीता प्रभाकर, कमला मीणा,प्रेम शर्मा,निर्मल कंवर, मुकेश जाट,अंशु शर्मा, त्रिलोक शर्मा,मनीष कुलदीप,सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा मंच संचालन विक्रम मीणा एवं शंभु दयाल शर्मा ने किया

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Home Finance | **पंजीकृत कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051**

कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई- 400059
शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, दुकान नंबर- 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001
शाखा कार्यालय : ग्राउंड फ्लोर, एस-32, जेडीए मार्केट, गोपालपुरा, मानसरोवर लिंक रोड, रिद्धि सिद्धि स्वीट्स के पास, जयपुर-302018

जबकि

प्रतिभूतिकरण, वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे हस्ताक्षरकर्ता आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रवर्तन) नियम 2002 ने नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया।

चूंकि उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम नीचे उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाए। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम/ऋण खाता संख्या	संपत्ति का विवरण/कब्ज़ा की तिथि	सूचना मांग की तारीख / मांग सूचना राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सुनीता शर्मा (उधारकर्ता), सुरेश चन्द्र शर्मा(सह-उधारकर्ता), LHJDC00001399540	यूनिट नंबर एच-119, पहली मंजिल, ब्लॉक/टावर एच (एलआईजी),श्री आश्रय, खसरा नंबर 423 सालिगरामपुरा सांगानेर जयपुर राजस्थान-303902 (संदर्भ लैन नं. LHJDC00001399540), सीमाऐं से घिरा हुआ-उत्तर: साइट के अनुसार, दक्षिण: साइट के अनुसार, पूर्व: अनुसार साइट, पश्चिम: साइट के अनुसार/कब्जे की तिथि- 04-फरवरी-25	12-06-2024 रु. 6,60,543.84/-	जेडीए परिसर जयपुर-बी
2.	सुनीता शर्मा (उधारकर्ता), सुरेश चन्द्र शर्मा (सह-उधारकर्ता), LHJDC00001400098	यूनिट नंबर एच-119, पहली मंजिल, ब्लॉक/टावर एच (एलआईजी),श्री आश्रय, खसरा नंबर 423 सालिगरामपुरा सांगानेर जयपुर राजस्थान-303902 (संदर्भ लैन नं. LHJDC00001400098), सीमाऐं से घिरा हुआ-उत्तर: साइट के अनुसार, दक्षिण: साइट के अनुसार, पूर्व: अनुसार साइट, पश्चिम: साइट के अनुसार/कब्जे की तिथि- 04-फरवरी-25	12-06-2024 रु. 33,147.92/-	जेडीए परिसर जयपुर-बी
3.	शुभम (उधारकर्ता),चन्द्र प्रकाश (सह-उधारकर्ता), डोली. (सह-उधारकर्ता), सुमन(सह-उधारकर्ता), LHJAI00001520257	ना कशिश 1 पैराडाइज जगतपुरा ना जयपुर राजस्थान-303306. सीमाऐं से घिरा हुआ- उत्तर : प्लॉट नंबर 62, दक्षिण: 60 फीटचौड़ी सड़क, पूर्व : 30 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम : प्लॉट नंबर सी-40, सी-41 और सी-42 कब्जे की तारीख- 05-फरवरी-25	20-07-2024 रु. 1,00,322/-	जयपुर मुख्य-बी
4.	शुभम (उधारकर्ता),चन्द्र प्रकाश (सह-उधारकर्ता), डोली. (सह-उधारकर्ता), सुमन(सह-उधारकर्ता), LHJAI00001520259	ना कशिश 1 पैराडाइज जगतपुरा ना जयपुर राजस्थान-303306. सीमाऐं से घिरा हुआ- उत्तर : प्लॉट नंबर 62, दक्षिण: 60 फीटचौड़ी सड़क, पूर्व : 30 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम : प्लॉट नंबर सी-40, सी-41 और सी-42 कब्जे की तारीख- 05-फरवरी-25	20-07-2024 रु. 29,33,339/-	जयपुर मुख्य-बी

उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों को राशि चुकाने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवी रखी गई संपत्तियों को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति पर बेच दिया जाएगा। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधान।

दिनांकः 09 फरवरी, 2025, स्थानः जयपुर **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क अचल सम्पत्ति,(यों)की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोन : - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
उदयपुर शाखा:-मेवाड़ मोटर बिल्डिंग, 48, द्वितीय तल, तोरण बावड़ी, स्टेशन रोड, उदयपुर, राजस्थान - 313001.**गुड़गांव शाखा**:-एससीओ नंबर 391, सेक्टर - 29, अर्बन एस्टेट, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास, गुड़गांव-122001.**भिवाड़ी शाखा**:-पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ए-10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/UDA/0322/975437, बी.ओ.: उदयपुर, रानी देवी/राकेश कुमार देशबंधु	08-10-2024 तक रु. 2246471.08	भौतिक कब्जा	प्लॉट नंबर 4/2, वृन्दावन नगर, मीरा कॉलोनी के पास, सेंथी, चित्तौड़गढ़, राजस्थान	रु. 2124000	रु. 212400	11.03.2